हरिभूमि

विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, सोमवार 26 अक्टूबर 2026

गंजबासौदा | सांची | सिरोंज | लटेरी | गैरतगंज | बेगमगंज | सुल्तानपुर | बाड़ी | बरेली

06 संघ के 101वें वर्ष पर पथ संचलन का अनेक...



07 शरद पूर्णिमा पर मावा बाजार में उमड़ी भीड़...



खबर संक्षेप

कुशवाह शिवालय में कन्या भोज आयोजित

ग्यारसपुर। शरद पूर्णिमा के पावन अवसर पर ग्यारसपुर स्थित कुशवाह शिवालय में नगर कन्या भोज का आयोजन किया गया। भोज कराकर उनका आशीर्वाद लिया गया। इस दौरान वरिष्ठ समाजसेवी भगवान सिंह कुशवाह, लीलाधर कुशवाह,कल्याण सिंह कुशवाह, अनुराग कुशवाह, प्रीतम कुशवाह एवं सीताराम कुशवाह ने कन्याओं को प्रेमपूर्वक भोजन कराया। इस अवसर पर युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष आकाश शर्मा सहित कांग्रेस के अन्य नेता भी मौजूद रहे।

धरोहरों को निहारने पहुंचे 11 बाइक राइडर्स

ग्यारसपुर। ग्यारसपुर की प्राचीन धरोहरों को करीब से देखने के लिए भोपाल से 11 सदस्यीय बाइक राइडर्स का दल ग्यारसपुर पहुंचा। यहां उन्होंने 9वीं और 10वीं सदी की ऐतिहासिक धरोहरों का भ्रमण किया जिनमें मालादेवी मंदिर हिंडोला तोरण, ढेकीनाथ, बौद्ध स्तूप, आठ खंभा सहित अन्य प्राचीन स्थलों का भ्रमण किया। इस दौरान राइडर्स ने प्राचीन स्थापत्य कला, आकर्षक शिल्पकला और बारीक नक्काशी की जमकर सराहना की। इस यात्रा में हिमांशु भावसार, पारस धोटे, कुलदीप सिंह राजपूत, नरेंद्र ठाकुर, शिवा मालवीय, आशीष गुप्ता, अभिषेक एक्का, मेहेरशील, अंकित शाकले, मिलिंद जोशी और आशुतोष सिंह शामिल रहे। उन्होंने बाइक चलाने के दौरान हेलमेट पहनने का भी संदेश वाहन चालकों को दिया।

कुरवाई थाने में विधिक संगोष्ठी आयोजित हुई

कुरवाई। थाना कुरवाई परिसर में राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण के अंतर्गत विधिक जागरूकता संगोष्ठी एवं प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में माननीय अपर सत्र न्यायाधीश आनंद गौतम उपस्थित हुए। उन्होंने थाना कुरवाई के विवेचकों, पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आपराधिक प्रकरणों की विवेचना से संबंधित विभिन्न विधिक पहलुओं, कानूनी प्रावधानों तथा न्यायिक प्रक्रिया की बारीकियों के संबंध में मार्गदर्शन प्रदान किया। संगोष्ठी के दौरान विवेचना की प्रक्रिया, साक्ष्य संकलन एवं कानून से जुड़े विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की गई। पुलिस स्टाफ द्वारा पूछे गए प्रश्नों का न्यायाधीश आनंद गौतम ने सरल एवं स्पष्ट तरीके से समाधान किया।



विदिशा। ढोलखेड़ी गांव में प्यारेलाल प्रजापति ने आपके घरों को रोशन करने के लिए मिट्टी से बने दीये बनाना शुरू कर दिया है।

पारंपरिक तरीके से बने दीये जलाकर ही मनाएं दीपावली क्योंकि आपके घरों को रोशन करने कुम्हार घुमा रहे चका

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

दीपावली पर घर-आंगन को रोशन करने वाले मिट्टी के दीयों के पीछे कुम्हारों की महीनों की मेहनत होती है। ग्राम ढोलखेड़ी निवासी 65 वर्षीय प्यारेलाल प्रजापति पिछले 30 वर्षों से अधिक समय से इस परंपरा को संभाले हुए हैं। प्यारेलाल ने बताया कि पहले वे हाथ से चलने वाले पारंपरिक चाक पर बर्तन बनाते थे, लेकिन कुछ वर्षों से इलेक्ट्रिक मोटर वाले चाक का इस्तेमाल कर रहे हैं। इससे काम करना आसान हुआ है। वे सुबह से दोपहर 12 बजे तक दीये बनाते हैं और एक दिन में लगभग एक हजार दीये तैयार कर लेते हैं। नदी से मिट्टी लाकर उन्होंने करीब 15 दिन पहले दीये बनाने का काम शुरू किया है। दीपावली पर हाथ से बने दीये खरीदकर घरों को रोशन करें।

बेटों को आता है काम, भविष्य को लेकर उम्मीद भी

प्यारेलाल प्रजापति के परिवार में कुल 11 सदस्य हैं, जिनमें वे स्वयं, उनकी पत्नी, दो बेटे, दो बहुएं और पांच पोते-पोतियां शामिल हैं। उन्होंने बताया कि उनके दोनों बेटों को मिट्टी के बर्तन बनाने का काम आता है, लेकिन फिलहाल उनकी इसमें रुचि नहीं है। बड़ा बेटा ट्रक चलाता है, जबकि छोटा बेटा ऑटो चलाता है। प्यारेलाल का कहना है कि भविष्य में यदि बेटों की रुचि हुई तो वे इस काम को आगे बढ़ा सकते हैं, हालांकि यह तय नहीं है कि वे इसे अपनाएंगे या नहीं। उन्हें चिंता है कि कहीं उनके बाद परिवार में मिट्टी के दीये बनाने की परंपरा समाप्त न हो जाए।



गांव में बनते हैं एक लाख से अधिक दीये: प्यारेलाल के मुताबिक ढोलखेड़ी में लगभग 10 परिवार मिट्टी के बर्तन बनाने का काम करते हैं। गांव में कुल मिलाकर एक लाख से अधिक दीये तैयार हो जाते हैं। दीपावली से करीब आठ दिन पहले वे दीये बनाना बंद कर देते हैं। उनका कहना है कि इलेक्ट्रिक दीयों के आने से कारोबार पर कुछ असर पड़ा है, लेकिन पिछले कुछ वर्षों में मिट्टी के दीयों की मांग बढ़ी है।

शरद पूर्णिमा पर खाद्य सुरक्षा विभाग की छापेमार कार्रवाई, मिठाइयों के लिए सैंपल

मिठाई इस्तेमाल करने की अंतिम तारीख लिखने के नियम का नहीं हो रहा पालन

खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन की कार्रवाई सिर्फ सैंपल लेने तक सीमित है। विभाग के और भी नियम हैं, जिनकी अनदेखी अधिकारियों की आंखों के सामने की जाती है और अधिकारी इन नियमों को नजर अंदाज कर रहे हैं जिससे शुद्धता पर सवाल खड़े होते हैं।

हरिभूमि पड़ताल

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

अधिकारी सिर्फ सैंपल ले रहे, जो देखना चाहिए वहां आंखें मूंद रहे!



विदिशा। अधिकारी के सामने खराब होने की तारीख लिखे बिना ढेरों मिठाईयां रखीं हैं, लेकिन ले रहीं सिर्फ सैंपल।

त्योहारी सीजन आते ही खाद्य विभाग ने मिठाई और खाद्य सामग्री विक्रय करने वाली दुकानों से सैंपल लेना शुरू कर दिया है, लेकिन विभाग की यह कार्रवाई सैंपल लेने तक ही सीमित होती है। दुकानों पर गंदगी, एक्सपायरी सामग्री मिलने पर सिर्फ सफाई रखने की चेतावनी देकर छोड़ दिया जाता है। शहर की किसी भी मिठाई दुकान पर मिठाई इस्तेमाल करने की अंतिम तारीख व्यापारी द्वारा नहीं लिखी गई है। अधिकारी दुकानों पर जाकर सैंपल तो ले रहे हैं, लेकिन यह नियम पालन कराने पर ध्यान नहीं दे रहे। इससे साफ जाहिर होता है कि खाद्य विभाग के अधिकारी और व्यापारियों की मिलीभगत से मिठाई का कारोबार मनमाने तरीके से चल रहा है। रविवार को एक बार फिर खाद्य विभाग ने दिखावटी कार्रवाई की।

शरद पूर्णिमा पर्व को देखते हुए खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन ने जिले में निरीक्षण और सैंपलिंग अभियान चलाया। इस कार्रवाई में मावा, मावा से बनी मिठाइयों, पनीर और नमकीन के नमूने लेकर जांच के लिए राज्य खाद्य प्रयोगशाला भेजे गए।

खाद्य सुरक्षा अधिकारी कुदसिया खान ने विदिशा की स्वर्णकार कॉलोनी स्थित वैष्णव डेयरी एंड ड्राई फ्रूट्स से मावा और पनीर, रायसेन गेट स्थित संतोष नेमा मिष्ठान से मावा लड्डू तथा गंजबासौदा के अग्रवाल स्वीट्स से मावा का नमूना लिया। वहीं, खाद्य सुरक्षा अधिकारी कल्पना अर्शिया ने सिरोंज की मां शीतला स्वीट्स से मावा, मावा लड्डू और नमकीन तथा तिरुपति मिष्ठान भंडार से मावा लड्डू और बेसन लड्डू के नमूने लिए। सारिका गुप्ता ने महानीम चौराहे स्थित चौबे स्वीट्स एंड बेकरी से मावा, मावा लड्डू और नमकीन के नमूने एकत्र किए। माधवगंज क्षेत्र में हाथ ठेलों पर मावा बेचने वालों का भी निरीक्षण किया गया। दिलचस्प बात है कि अधिकारियों की आंखों के सामने मिठाईयां रखीं थी जिन पर इनके निर्माण और इस्तेमाल करने की अंतिम तारीख नहीं लिखी थी, लेकिन अधिकारियों को यह दिखाई ही नहीं दिया, इस नियम का पालन कराने में अधिकारी आंखें क्यों मूंद रहे हैं। आखिरी इस नियम का पालन कराने के लिए कभी कोई अभियान क्यों नहीं चलाया जाता।

यह है नियम, जो कोई पालन नहीं कर रहा

खुली या बिना पैक की मिठाइयों पर 'बेस्ट बिफोर डेट' (इस्तेमाल की अंतिम तिथि) और निर्माण की तारीख लिखने का राष्ट्रीय नियम भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण द्वारा 25 सितंबर 2020 को जारी किया गया था, जो पूरे देश में 1 अक्टूबर 2020 से लागू हुआ था। सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के खाद्य सुरक्षा आयुक्तों को निर्देश दिया था कि बिना पैक की (खुली) मिठाइयों की ट्रे या कंटेनर पर इस्तेमाल की अंतिम तारीख लिखना अनिवार्य होगा। यानी दुकानदार चाहें तो निर्माण की तारीख लिख सकते हैं, लेकिन 'बेस्ट बिफोर डेट' लिखना अनिवार्य था। दुकानदारों को मिठाई की प्रकृति और स्थानीय परिस्थितियों के अनुसार उसकी शेल्फ-लाइफ (खराब होने की अवधि) तय करनी होती है।

39 करोड़ के बायपास पर व्यापारी ने सुखाई मक्का

व्यापारी बोला: मंडी में सुखाने जगह नहीं मिली



हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

शमशाबाद में 39 करोड़ रुपए की लागत से बने सापन नदी न्यू बायपास के पुल पर मक्का सुखाने का वीडियो जमकर वायरल हो रहा है। एक व्यापारी ने मंडी में जगह नहीं मिलने का हवाला देकर पुल पर मक्का फैला दी। सड़क के दोनों तरफ पोल लगाकर रास्ता भी बंद कर दिया गया।

मक्का फैलाने वाले व्यापारी के मजदूरों ने बताया कि मंडी में मक्का सुखाने के लिए जगह नहीं थी। किसान से मक्का खरीदकर उसका भुगतान भी कर दिया गया है। चौकीदार राजेंद्र अहिरवार के अनुसार किसान मक्का फेंक रहा था इसलिए उसे ले लिया गया। उन्होंने बताया कि जमीन पर मक्का डालने से दाने खराब होने और नमी बढ़ने की आशंका थी। इसी वजह से सड़क पर मक्का फैलाई गई। हालांकि छोटे वाहन कार, बाइक इसी के ऊपर से निकल रहे थे।

निगरानी पर उठे सवाल

सार्वजनिक सड़क पर मक्का फैलाने और दोनों तरफ पोल लगाकर रास्ता बंद करने से सवाल उठ रहे हैं कि वहां ऐसी गतिविधि कैसे शुरू हुई। यह भी सवाल है कि स्थानीय स्तर पर निगरानी करने वाले अधिकारियों को इसकी जानकारी कब मिली और आवागमन की स्थिति बनाए रखने के लिए क्या कदम उठाए गए।

एसडीएम बोले: पुल से मक्का हटवाई जा रही है

शमशाबाद एसडीएम अजय पाठक ने बताया कि सापन नदी न्यू बायपास पर मक्का सुखाने का मामला प्रशासन के संज्ञान में है। मक्का हटवाई जा रही है, ताकि लोगों को परेशानी न हो। एसडीएम ने स्पष्ट किया कि नया पुल अभी आम जनता के आवागमन के लिए आधिकारिक रूप से चालू नहीं किया गया है। त्योहार के अवसर पर पुल को चालू किया जाता है। व्यापारी ने शाम को मक्का पुल पर बिछाई थी धूप लगने के बाद उठा लेता।

खेतों में धधक रही नरवाई...



विदिशा। अशोकनगर रोड पर नयागोला में सड़क किनारे के खेतों में किसानों द्वारा इस तरह से धान कटाई के बाद नरवाई जलाई जा रही है।

विदिशा। धान और सोयाबीन की कटाई के बाद खेतों में बची नरवाई किसानों द्वारा आग लगाकर नष्ट की जा रही है।

पथ संचलन निकाला

विदिशा। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, शालेय विद्यार्थी कार्य विदिशा नगर के तत्वावधान में शालेय विद्यार्थी पथ संचलन निकाला गया। शिशु एवं बाल स्वयंसेवकों द्वारा पूर्ण गणवेश में घोष की ताल पर अनुशासित पथ संचलन निकाला गया। संचलन सरस्वती शिशु मंदिर से प्रारंभ होकर बंदा बैरागी मार्ग, रीटा फाटक चौराह, बजरिया, लोहाबाजार, बड़ा बाजार, तिलक चौक, निकासा, कोतवाली, दुर्गा चौक से होते हुए पुन: शिशु मंदिर पर समाप्त हुआ। मार्ग में जगह-जगह पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया।

डॉ. एसएन सुब्बाराव की स्मृति में सेंटमैरी में युवा शिविर शुरू

विदिशा। प्रख्यात गांधीवादी विचारक डॉ. एसएन सुब्बाराव की पांचवीं पुण्यतिथि पर विदिशा के निजी कॉलेज में राष्ट्रीय एकता एवं सद्भावना युवा शिविर का शुभारंभ हुआ। राष्ट्रीय युवा योजना और कॉलेज के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित शिविर में 13 राज्यों के 150 से अधिक युवक-युवतियां भाग ले रहे हैं। शिविर में प्रात: जागरण, प्रेरणा गीत, श्रमदान, भाषा शिक्षण एवं विनिमय, प्रतियोगिताएं, सामूहिक खेलकूद, सर्वधर्म प्रार्थना और सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे। वर्ष 1970 में सुब्बाराव के द्वारा स्थापित राष्ट्रीय युवा योजना के माध्यम से देशभर में राष्ट्रीय एकता और सद्भावना के संदेश को आगे बढ़ाया जा रहा है। शिविर में डॉ. सुरेश गर्ग, संयोजक अरविंद द्विवेदी, कमलेश दुबे, राजेश बंसल, अंकित मिश्रा सहित अन्य लोग उपस्थित रहे। आयोजन समिति के अध्यक्ष फादर शिन्टो वर्गीस के मार्गदर्शन में शिविर आयोजित हो रहा है। शिविर सेंट मेरी कॉलेज में हो रहा है।



कौन थे सुब्बाराव: डॉक्टर एसएन सुब्बाराव प्रख्यात गांधीवादी थे और डाकूओं को इंसान बनाने की खूबी के चलते लोग प्यार से भाईजी कहते हैं। 1970 में सुब्बाराव जी द्वारा स्थापित राष्ट्रीय युवा योजना का विशेष महत्व है सुब्बाराव जी द्वारा अंतिम बाल महोत्सव का आयोजन सन 2019 में विदिशा में हुआ था। उसके पश्चात वे अस्वस्थ्य हुए और 27 अक्टूबर 2021 को उन्होंने अपना शरीर छोड़ दिया। देश के अलग-अलग भागों में उनके पुण्यतिथि स्मरण मे राष्ट्रीय एकता शिविर आयोजित किया जाते रहे हैं।



जिला कांग्रेस की बैठक में 1 नवंबर की दिल्ली महारैली की तैयारी पर मंथन

वोट बचाओ, देश बचाओ अभियान को बूथ स्तर तक पहुंचाएगी कांग्रेस, एसआईआर के मुद्दे पर अभियान चलाने का निर्णय

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

'वोट बचाओ, देश बचाओ' अभियान को बूथ, पंचायत और ब्लॉक स्तर तक पहुंचाने रविवार को सिविल लाइंस में कांग्रेस की बैठक हुई।

बैठक में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के केंद्रीय पर्यवेक्षक, कांग्रेस कार्यसमिति सदस्य और महाराष्ट्र सरकार के पूर्वमंत्री बालासाहेब थोरात शामिल हुए। नेताओं ने आगामी 1 नवंबर को दिल्ली में प्रस्तावित कांग्रेस की महारैली में जिले के कांग्रेसियों की भागीदारी सुनिश्चित करने चर्चा की।

मतदाता अधिकारों की रक्षा पर कांग्रेस का जोर

बैठक को संबोधित करते हुए बालासाहेब थोरात ने कथित वोट चोरी को लोकतंत्र के लिए गंभीर चुनौती बताया। उन्होंने कार्यकर्ताओं से निर्वाचन प्रक्रिया में पारदर्शिता के मुद्दे को आम नागरिकों तक पहुंचाने का आह्वान किया। बैठक में एसआईआर और मतदाता सूची में हुए बदलावों पर भी चर्चा हुई।



विदिशा। प्रेसवार्ता के दौरान जानकारी देते कांग्रेसी पदाधिकारी।

थोरात ने बताया कि मप्र में पुनरीक्षण प्रक्रिया के दौरान 34 लाख 25 हजार 78 नाम हटाए जाने की जानकारी सामने आई है। भोपाल संभाग प्रभारी एवं विधायक रजनीश सिंह ने गांव-गांव अभियान चलाने पर जोर दिया। जिला कांग्रेस संगठन प्रभारी राजेश रघुवंशी ने संगठनात्मक गतिविधियों को जमीनी स्तर तक पहुंचाने की बात कही। इस दौरान अनुमा आचार्य, जिलाध्यक्ष मोहित रघुवंशी, पूर्व जिलाध्यक्ष कमल सिलाकारी, पूर्व विधायक निशंक जैन व पानबाई पंथी, हसरुद्दीन खान, प्रहलाद रघुवंशी, रामराज दांगी, रिंकी रघुवंशी, रणधीर सिंह दांगी, बसंत जैन, राजेश दुबे बर्रो, गोविंद सिंह राजपूत, लक्ष्मीनारायण शर्मा, सुरेश बाबू पाठक आदि मौजूद रहे।

10 लाख रुपए की चोरी की रकम लौटाने वाली जीआरपी-आरपीएफ टीम सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

रेलवे स्टेशन पर यात्री के चोरी हुए 10 लाख रुपए के बैग को त्वरित कार्रवाई कर बरामद करने और रकम वापस लौटाने वाली जीआरपी-आरपीएफ की टीम को सम्मानित किया गया।

चैंबर्स ऑफ कॉमर्स, कैट मप्र और पश्चिम मध्य रेलवे सलाहकार समिति के संयुक्त तत्वावधान में रेलवे स्टेशन स्थित जीआरपी थाना परिसर में सम्मान समारोह आयोजित किया गया। पुलिस टीम ने तत्परता और ईमानदारी का परिचय देते हुए बड़ी रकम बरामद कर संबंधित व्यापारी को वापस सौंपी। कार्यक्रम में रेलवे सलाहकार समिति के सदस्य विजय श्रीवास्तव, शिक्षाविद एवं पूर्व रेल उपयोगकर्ता सलाहकार समिति सदस्य कमलेश सेन सहित शहर के नागरिक मौजूद रहे। जीआरपी थाना प्रभारी महेंद्र शाक्य, आरपीएफ टीआई राजेंद्र सिंह तथा पुलिस टीम के सदस्यों को शॉल, श्रीफल और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन चैंबर्स ऑफ कॉमर्स के महामंत्री हृदेश सोनी ने किया।



विदिशा। पुलिसकर्मियों की ईमानदारी की सराहना करते हुए उत्साहवर्धन किया।

खबर संक्षेप

दो वाहनों में आमने सामने भिड़ंत



गंजबासौदा। नगर के शासकीय राजीव गांधी जन चिकित्सालय के सामने शनिवार को रात्रि के समय मोटर साइकिल और स्कूटी में आमने सामने जोरदार टक्कर हो गई। जिसमें चार युवक घायल हो गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार अपाचे और स्कूटी की आमने सामने भिडंत हुई जिसमें हर्ष , धनराज, सचिन, अबूजर खान घायल हो गए। जिन्हे उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद युवकों की गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें उच्च उपचार के लिए विदिशा रेफर कर दिया।

306 केंद्रों पर नवसाक्षर परीक्षा में 5206 ने लिया हिस्सा

गंजबासौदा। साक्षर भारत, सशक्त भारत और विकसित भारत के संकल्प को साकार करने के उद्देश्य से विकासखंड में उल्लास-नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के तहत नवसाक्षर परीक्षा आयोजित की गई। परीक्षा को उत्सव का रूप दिया गया। केंद्रों पर पहुंचे नवसाक्षरों का फूल-मालाओं से स्वागत किया गया। विद्यालयों को रंगोली, बंदनवार और प्रेरक स्लोगनों से सजाया गया। पहली बार परीक्षा देने पहुंचे नवसाक्षरों में पढ़ने-लिखने को लेकर उत्साह और आत्मविश्वास नजर आया। विकासखंड शिक्षा अधिकारी परता अहिरवार, विकासखंड स्रोत समन्वयक बृजेंद्र सिंह रघुवंशी और विकासखंड साक्षरता समन्वयक शिवेंद्र कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि विकासखंड के 306 परीक्षा केंद्रों पर एक साथ परीक्षा आयोजित की गई। जिसमें 5206 नवसाक्षरों ने भाग लिया। इनमें महिलाएं,बुजुर्ग और युवा भी शामिल रहे। परीक्षा में शामिल कई नवसाक्षरों ने बताया कि पढ़ना-लिखना सीखने से अब वे अपना नाम लिखने, बैंक के दस्तावेज पढ़ने और बच्चों की पढ़ाई में मदद करने में सक्षम हो रहे हैं।
अधिकारियों ने कहा कि बुनियादी साक्षरता लोगों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। जनशिक्षक समीर याज्ञनिक, अमित श्रीवास्तव और पूर्व सह समन्वयक सैयद शफाकत हुसैन कादरी ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य 15 वर्ष से अधिक आयु के निरक्षर लोगों को बुनियादी साक्षरता प्रदान करना है। परीक्षा के आयोजन में शिक्षकों, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, अधिकारियों और स्वयंसेवकों ने सहयोग किया। यह पहल लोगों को साक्षर बनाकर समाज को सशक्त बनाने में मददगार साबित होगी।

नौ बस्तियों में संघ के पथ संचलन में गूंजा संघ का संदेश

संघ के 101वें वर्ष पर पथ संचलन का अनेक स्थानों पर हुआ स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 101 वें वर्ष के अवसर और विजयादशमी के उपलक्ष्य में रविवार को शहर की अलग-अलग नौ बस्तियों में एक साथ निकले पथ संचलन ने अलग ही दृश्य प्रस्तुत किया। गणवेशधारी स्वयंसेवकों के स्वागत में गलियों में जहाँ पुष्पवर्षा हुई, वहीं बस्तियों में आयोजित बौद्धिक कार्यक्रमों में राष्ट्र के प्रति कर्तव्यबोध, भारत की एकता-अखंडता और समाज को संगठित रखने जैसे विषय प्रमुखता से उठे। वक्ताओं ने कहा कि देश की सांस्कृतिक पहचान और सामाजिक समरसता को मजबूत बनाए रखना सामूहिक जिम्मेदारी है। समाज में विभाजन पैदा करने और आपसी सद्भाव को कमजोर करने वाले प्रयासों के प्रति सजग रहते हुए परिवारों में संस्कार, नागरिकों में अनुशासन और नई पीढ़ी में राष्ट्रभक्ति का भाव जगाना जरूरी है। नौ बस्तियों में वक्ताओं का मूल संदेश एक ही रहा संगठित समाज, जागरूक नागरिक और राष्ट्र के प्रति समर्पण ही सशक्त भारत का आधार है।
उल्लेखनीय है कि विजयादशमी के उपलक्ष्य में रविवार को शहर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का पथ संचलन उत्साह और अनुशासन के साथ निकाला गया। शहर की नौ बस्तियों में अलग-अलग आयोजित पथ संचलन के दौरान स्वयंसेवक कदमताल करते हुए निकले। मुख्य मार्गों में जगह-जगह नागरिकों ने पुष्पवर्षा कर स्वयंसेवकों का स्वागत किया। युवा, बच्चे, बुजुर्ग और महिलाओं





के अलावा परिवारों ने घरों की छतों छज्जे और सडक किनारे खडे होकर देश भक्ति के गीत गीत हुए स्वयंसेवकों पर पुष्प वर्षा की जिससे मुख्य सड़कों से लेकर गलियां तक फूलों और पंखुडियों से बिखरी दिखाई दीं। संचलन के दौरान वातावरण राष्ट्र भक्ति, उत्साह और सामाजिक सहभागिता से सराबोर नजर आया। संचालन में जहां संघ के वाद्य यंत्र की टोली के बीच संघ के भगवा ध्वज थामे स्वयंसेवक चल रहे थे तो वहीं उनके पीछे गणवेशधारी स्वयंसेवक कदम से कदम मिलाते हुए नजर आए।

नौ बस्तियों में वक्ताओं ने दिया राष्ट्रभक्ति और सामाजिक समरसता का संदेश

गंजबासौदा। उधम सिंह बस्ती में प्रेम कुशवाह मुख्य वक्ता रहे। वहीं तारण बस्ती में मध्य भारत प्रांत के विभाग प्रचार प्रमुख शरद श्रीवास्तव मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। जबकि अध्यक्षता नागरिक सेवा समिति अध्यक्ष एवं वरिष्ठ समाजसेवी कांतिभाई शाह ने की। वीर सावरकर बस्ती में मुख्य वक्ता के रूप में जिला संघचालक विनोद शाह उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. पवन शर्मा ने की। मां गायत्री बस्ती में जिला सह कार्यवाह रितेश रघुवंशी ने मुख्य वक्ता के रूप में विचार रखे। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व सैनिक एमपीजी जायसवाल ने की। डॉ. राजेंद्र प्रसाद बस्ती में विभाग कार्यकारिणी सदस्य रामकमल रघुवंशी मुख्य वक्ता रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व शासकीय शिक्षक संतोष शर्मा ने की। तिरंगा बस्ती में विभाग पर्यावरण संयोजक रुपेश लाड़ ने मुख्य वक्ता के रूप में संबोधित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. वीर सिंह राजपूत ने की। विवेकानंद बस्ती में विभाग कार्यवाह राजेंद्र खोड़के मुख्य वक्ता रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विभाग संघचालक सुरेश देव ने की। सरस्वती बस्ती में प्रेम कुशवाह मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे, कार्यक्रम की अध्यक्षता लालू महाराज ने की। शीतला बस्ती में प्रांत के शारीरिक प्रमुख त्रिवेश लोधी मुख्य वक्ता रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता श्यामलाल दुबे ने की जबकि जिला संघचालक विनोद शाह विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इन सभी बस्तियों में आयोजित कार्यक्रमों के माध्यम से राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विचारों, सामाजिक समरसता, पारिवारिक संस्कारों, संगठन और राष्ट्रसेवा के महत्व पर प्रकाश डाला गया।

संघ की शाखा देती है अनुशासन और राष्ट्रसेवा की प्रेरणा

गंजबासौदा। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना का उल्लेख करते हुए वक्ताओं ने कहा कि वर्ष 1925 में डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार ने संगठन की स्थापना राष्ट्र को संगठित करने और समाज में सेवा, अनुशासन तथा राष्ट्रभक्ति की भावना विकसित करने के उद्देश्य से की थी। शाखा में खेल, गीत, प्रेरक प्रसंग और बौद्धिक चर्चा के माध्यम से स्वयंसेवकों के व्यक्तित्व का निर्माण किया जाता है। संघ का उद्देश्य किसी के प्रति द्वेष या विरोध की भावना पैदा करना नहीं, बल्कि समाज को संगठित करना और राष्ट्र के प्रति कर्तव्यबोध जगाना है। स्वयंसेवक का आचरण, व्यवहार और समाज के प्रति उसका दायित्व ही उसकी पहचान बनता है। इसलिए प्रत्येक स्वयंसेवक को अपने व्यवहार में विनम्रता, सेवा और अनुशासन बनाए रखना चाहिए। वक्ताओं ने कहा कि वर्तमान समय में वैचारिक विमर्श और नैरेटिव की लड़ाई महत्वपूर्ण हो गई है। समाज के सामने जब अपनी संस्कृति और परंपराओं को लेकर प्रश्न उठते हैं, तब केवल भावनाओं से नहीं, बल्कि अध्ययन, स्वाध्याय और तथ्यों के आधार पर उत्तर देना आवश्यक है। इसके लिए प्रत्येक स्वयंसेवक को पढ़ने, समझने और अपने विचारों को तर्कपूर्ण ढंग से प्रस्तुत करने की आदत विकसित करनी चाहिए। भगवान श्रीराम ने रावण रूपी बुराई का अंत करने के लिए समाज के विभिन्न वर्गों को साथ लेकर विजय प्राप्त की। वनवासी बंधुओं, निषादराज और अन्य सहयोगियों के साथ मिलकर उन्होंने यह संदेश दिया कि बड़े से बड़ा लक्ष्य भी संगठन, सहयोग और सामूहिक प्रयास से प्राप्त किया जा सकता है। महापुरुषों के जीवन से प्रेरणा लेकर समाज को एकजुट करने की आवश्यकता है।

जिला स्तरीय योग महिला, पुरुष प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

सुभद्रा शर्मा शासकीय कन्या महाविद्यालय में जिला स्तरीय योग महिला पुरुष प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। उक्त प्रतियोगिता का आयोजन महाविद्यालय की प्राचार्य अनीशा भारद्वाज के मार्गदर्शन में किया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ मां सरस्वती का वंदन एवं पूजन करके किया गया। प्रतियोगिता में शासकीय कन्या महाविद्यालय विदिशा, लाल बहादुर शास्त्री महाविद्यालय सिरोंज, संजय गांधी स्मृति महाविद्यालय, लाल बहादुर शास्त्री महाविद्यालय एवं सुभद्रा शर्मा शासकीय कन्या महाविद्यालय की टीमों ने सहभागिता की। इस जिला स्तरीय प्रतियोगिता में सुभद्रा शर्मा शासकीय कन्या महाविद्यालय विजेता रहा एवं शासकीय कन्या महाविद्यालय विदिशा उपविजेता रहा। कार्यक्रम का संचालन डॉ. मनीष सेन द्वारा किया गया एवं आभार प्रदर्शन क्रीड़ा प्रभारी डॉ. बीके वर्मा ने किया।

यातायात पुलिस ने किया जुर्माना



हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

नवागत यातायात निरीक्षक ह्रदेश सिंह के नेतृत्व में यातायात पुलिस द्वारा जय स्तंभ चौक पर वाहन चैकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान दो पहिया, चार पहिया वाहनों की जांच की गई। दो पहिया वाहनों पर तीन सवारी बैठाने, हेलमेट न लगाने, वाहन की नंबर प्लेट न होने एवं आवश्यक दस्तावेजों के न होने पर जुर्माने की कार्रवाई की गई। साथ ही रेलवे स्टेशन रोड पर अव्यवस्थित खडे वाहनों पर भी कार्रवाई की गई। इस अभियान के दौरान 7 वाहन चालकों से 2100 रुपए जुर्माने के रुप में वसूल किए गए।

खाद्य विभाग ने किया निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

शरद पूर्णिमा पर्व के दृष्टिगत आमजन को सुरक्षित, गुणवत्तायुक्त एवं मानक खाद्य पदार्थ उपलब्ध कराने के उद्देश्य से कलेक्टर अंशुल गुप्ता के निर्देशानुसार खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन द्वारा जिले में विशेष निरीक्षण एवं सैंपलिंग अभियान संचालित किया गया। अभियान के दौरान विभिन्न खाद्य प्रतिष्ठानों, मिठाई दुकानों एवं मावा विक्रेताओं का निरीक्षण कर मावा, मावा से निर्मित मिठाइयों तथा अन्य खाद्य पदार्थों के नमूने जांच के लिए संकलित किए गए। नगर के अग्रवाल स्वीट्स से भी मावा का नमूना संग्रहित किया गया। खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा बताया गया कि त्योहारी सत्र के दौरान खाद्य प्रतिष्ठानों, डेयरियों एवं मिठाई विक्रेताओं के निरीक्षण और सैंपलिंग की कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी। संकलित नमूनों के प्रयोगशाला परीक्षण प्रतिवेदन प्राप्त होने के बाद यदि किसी खाद्य पदार्थ में मिलावट, अमानकता अथवा अन्य अनियमितता पाई जाती है, तो खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 के प्रावधानों के तहत नियमानुसार वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

किसानों को प्रशिक्षण के साथ बीज का वितरण किया गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग द्वारा कृषि महाविद्यालय में कार्यक्रम आयोजित कर राष्ट्रीय मिशन ऑन एडिबल ऑयल तिलहन योजना अंतर्गत कृषक प्रशिक्षण और आत्मनिर्भर मिशन दलहन योजना अंतर्गत मिनीकिट बीज वितरण किया गया। कृषक प्रशिक्षण व बीज वितरण कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जनपद अध्यक्ष नीतू देवेन्द्र रघुवंशी रहीं। उन्होंने कृषकों को संबोधित करते हुए कृषि विभाग से मिलने वाले उन्नत किस्म के बीजों का अच्छी तरह से बुवाई करने और कृषि वैज्ञानिकों से मिल रही कृषि तकनीकी की जानकारी का प्रयोग करने की अपील की। कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम में उपसंचालक कृषि सचिन जैन ने कृषकों को विभागीय योजनाओं की जानकारी देते हुए नरवाई प्रबंधन पर भी जोर दिया। अधिष्ठाता डॉ. अरविंद कुमार सक्सेना ने कृषकों को कृषि की उन्नत तकनीकी की



जानकारी दी। कृषि वैज्ञानिक डॉ. योगेश पटेल और डॉ. खेड़कर के द्वारा कृषकों को संबोधित करते हुए रबी फसल चना ,मसूर, सरसों, गेहूं की बुवाई हेतु तैयारी, बीज उपचार, संतुलित बीज दर, संतुलित खाद उर्वरक और कीट नियंत्रण तकनीकी की जानकारी दी। साथ ही मिट्टी परीक्षण, नरबाई प्रबंधन, फसल विविधीकरण की विस्तृत जानकारी दी गई। कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जनपद अध्यक्ष नीतू देवेन्द्र रघुवंशी के द्वारा उपस्थित कृषकों को मिनीकिट बीज मसूर और सरसों का वितरण किया गया।

कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम का संचालन डॉ. दिनेश तिवारी ने किया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी का आभार वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी सूर्यभान सिंह थानेश्वर ने व्यक्त किया। साथ ही कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम में समस्त कृषि विस्तार अधिकारी और अधिक संख्या में कृषकगण उपस्थित रहे।

हनुमान चालीसा का पाठ संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

नगर में बढ़ती नशे की प्रवृत्ति के बीच युवाओं को धर्म, आध्यात्म और सदाचार के मार्ग से जोड़ने के उद्देश्य से हिन्दू चेतना सेवा समिति मंडल द्वारा संचालित सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ का 152वाँ चरण श्रद्धा एवं भक्तिभाव के साथ संपन्न हुआ। यह आयोजन गणेशपुरा में सेवानिवृत्त आबकारी अधिकारी रमेश अग्रवाल के निवास पर किया गया। कार्यक्रम में श्रद्धालुओं ने सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा का पाठ कर बजरंगबली की आराधना की। हिन्दू चेतना सेवा समिति मंडल का उद्देश्य नगर में बढ़ रही नशे की प्रवृत्ति के प्रति युवाओं को जागरूक करना तथा उन्हें धर्म एवं आध्यात्म के माध्यम से जीवन की सकारात्मक दिशा से जोड़ना है। इसी सोच के साथ समिति द्वारा हनुमान चालीसा पाठ के चरण निरंतर आयोजित किए जा रहे हैं। आयोजन में नितिन अग्रवाल, मोहित तिवारी, पंडित केशव शास्त्री, रोहित राज, हर्षित मिश्रा, महेंद्र पाल, लखन गुर्जर, लोकेश साहू, शिक्षक नरेंद्र राय, डॉ. अमित अग्रवाल, रमेश अग्रवाल, विशाल विश्वकर्मा, अमन विश्वकर्मा, अनिकेत पाल, नरेश रजक, अरनब रघुवंशी, मधुर प्रजापति, आर्यन जैन, महेंद्र राजपूत, आनंद अग्रवाल, किशन सिंह, शिखा अग्रवाल, किरण अग्रवाल, निशिकांत माथुर सहित अन्य श्रद्धालुओं ने सहभागिता की।



श्रमदानियों ने नदी से निकाली पूजन सामग्री, पीओपी की मूर्तियां

तीन घंटे में बेतवा नदी से 40 क्विं कचरा निकाला

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

माँ बेतवा की स्वच्छता और संरक्षण के लिए संचालित साप्ताहिक श्रमदान अभियान 6.0 के छठवें चरण में रिपटा घाट पर गंदगी का ऐसा अंबार सामने आया, जिसने नदी के प्रति नागरिक जिम्मेदारी और हमारी स्वच्छता संबंधी मानसिकता पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए। महज चार वयस्कों और दो बाल श्रमिकों ने लगभग तीन घंटे तक श्रमदान कर 40 क्विंटल से अधिक कचरा एकत्रित किया। यह दृश्य केवल घाट पर फैली गंदगी की तस्वीर नहीं, बल्कि आस्था और पर्यावरण के बीच बढ़ती दूरी का भी संकेत है। श्रमदान के दौरान घाट के अलग-अलग स्थानों पर प्लास्टिक सामग्री, पॉलीथिन और पूजन सामग्री के ढेर मिले। इनमें माँ दुर्गा एवं माँ लक्ष्मी की प्लास्टर ऑफ पेरिस से निर्मित मूर्तियाँ, घरेलू कचरा, शादी के कार्ड, पेन-कॉपी जैसी स्टेशनरी सामग्री, धार्मिक पुस्तकें, लकड़ी एवं प्लास्टिक के



टूटे-फूटे फोटो फ्रेम, प्लास्टिक की मूर्तियाँ, काँच की चूड़ियाँ और काँच के टूटे फोटो फ्रेम शामिल थे। इसके अलावा प्लास्टिक की बोरियाँ, थैले, सड़े हुए नारियल, फूल-मालाएँ, घरों के मंदिरों से निकले लाल-पीले कपड़े, झंडे, भगवान की पोशाकें, माता की चुनरी, साड़ियाँ, पेंट-शर्ट, जूते-चप्पल सहित बड़ी मात्रा में अनुपयोगी सामग्री घाट पर बिखरी मिली। इन वस्तुओं को नदी एवं घाट परिसर से हटाकर अलग-अलग स्थानों पर एकत्रित किया गया। अभियान के इस चरण में नितिन अग्रवाल, दिनेश चौरसिया, सूर्य प्रताप सिंह राजपूत और आकाश जैन सहित चार वयस्कों ने श्रमदान किया। उनके साथ बाल स्वयंसेवक जैत्र राजपूत एवं नक्श राजपूत ने भी लगभग तीन घंटे तक पसीना बहाकर स्वच्छता कार्य में योगदान दिया। यहाँ सवाल यह है कि दो लाख से अधिक आबादी वाले शहर में जहाँ एक ओर मुट्ठीभर श्रमदानी माँ बेतवा को स्वच्छ बनाने के लिए पसीना बहा रहे हैं, वहीं दूसरी ओर घाट पर मिला 40 क्विंटल से अधिक कचरा हमारी सामूहिक जिम्मेदारी और नागरिक चेतना पर गंभीर प्रश्नचिह्न खड़ा करता है। आखिर इतनी बड़ी मात्रा में अनुपयोगी सामग्री नदी के किनारों तक पहुँचती कैसे है? नदी में लगातार बढ़ते प्रदूषण और नदी तटों पर कचरा फेंकने की प्रवृत्ति पर चिंता जताते हुए श्रमदान दल के सदस्यों ने जिला कलेक्टर एवं एसडीएम से इस दिशा में प्रभावी कदम उठाने का आग्रह किया है। दल ने मांग की है कि संपूर्ण जिले में प्रवाहित नदियों और उनके तटों पर कचरा, पूजन सामग्री, प्लास्टिक एवं अन्य अपशिष्ट फेंकने वाले व्यक्तियों और संस्थाओं को चिह्नित कर, लागू पर्यावरणीय कानूनों के तहत कार्रवाई की जाए।

चंद्रमा की पूजन कर प्रसादी में बांटी खीर, बताशे

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

रविवार को शरदपूर्णिमा पर्व इलाके भर में उत्साह एवं श्रद्धाभाव के साथ मनाया गया। रविवार को महिलाओं द्वारा व्रत रखकर शरद पूर्णिमा मनाई गई। वहीं समीपस्थ ग्राम डायला में भी शरद पूर्णिमा का पारंपरिक महोत्सव मनाया गया। इसके अलावा नगर सहित इलाके भर के मंदिरों में भी भगवान की पूजन अर्चन के साथ खीर की प्रसादी का वितरण किया गया। उधर नेहरू चौक पर शरद पूर्णिमा के उपलक्ष्य में भजन संध्या का आयोजन किया गया।
मान्यता है कि आश्विन मास की पूर्णिमा को भगवती महालक्ष्मी रात्रि में यह देखने के लिए निकलती हैं कि कौन जाग रहा है जो जाग रहा है उसे धन देती हैं। अर्धरात्रि के समय गौ दूध से बनी खीर का भगवान को भोग लगाया जाता है। खीर से भरे पात्र को रात में खुली चांदनी में रखकर उसकी प्रसादी वितरित की जाती है। रात्रि के समय चंद्र किरणों के द्वारा अमृत गिरता है। पूर्ण चंद्रमा के मध्याकाश में स्थित होने पर उसका पूजन कर अर्घ्य प्रदान किया जाता है। इस दिन भगवान विष्णु देवी लक्ष्मी एवं तुलसी जी का पूजन किया जाता है। इस अवसर पर इलाके भर में शरद पूर्णिमा उत्साह के साथ मनाई गई।
शरद पूर्मिमा पर महिलाओं ने दिन भर व्रत रखा और शाम को मावे के लड्डू बनाकर घरों एवं मंदिरों में भगवान की पूजन अर्चन की और चंद्रमा को अर्घ्य देकर एवं तुलसी पूजन किया। इसके बाद सखी, ग्वाल, पति आदि के लिए बनाए गए लड्डुओं का भोग लगाकर व्रत का समापन किया। उधर नगर सहित इलाके भर के मंदिरों में भी शरद पूर्णिमा पूरे श्रद्धाभाव के साथ मनाई गई। इस अवसर पर कुछ मंदिरों में देर रात तो कुछ मंदिरों में अर्द्ध रात्रि के समय भगवान की पूजन अर्चन कर खीर की प्रसादी का वितरण किया गया।
इस अवसर पर ग्राम फरीदपुर डायला में परंपरागत शरद महोत्सव मनाया गया। यह महोत्सव क्षेत्र भर में प्रसिद्ध है और इसमें नगर एवं



ग्रामीण क्षेत्रों के अलावा दूरस्थ नगरों से भी बडी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। इस अवसर पर रात्रि आठ बजे ग्राम डायला के श्री राघवेन्द्र सरकार धाम में भजन संध्या का आयोजन किया गया। इसके बाद रात्रि 10 बजे श्री प्रभु का शरद राज सिंहासन पर आगमन कराया गया। रात्रि 11 बजे विशेष अभिषेक, राज्य अभिषेक के बाद रात्रि 12 बजे चंद्रपूजन, अमृत आवाहन और महाआरती संपन्न हुई। इसके बाद श्रद्धालुओं को खीर एवं विशाल बताशे के रूप में प्रसादी वितरित की गई। इस मौके पर गांव में मेला भी लगा। वहीं राष्ट्र शक्ति मंच द्वारा शरद पूर्णिमा पर रविवार को भव्य शरद पूर्णिमा महोत्सव के तहत भजन संध्या का आयोजन किया गया। जिसमें बुंदेली गायकों ने भजनों की एक से बढकर एक प्रस्तुतियां दीं। भजन संध्या रात 8 बजे से प्रारंभ होगी। इसके साथ ही उपस्थित श्रद्धालुओं को खीर का वितरण किया गया।

खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने सिरोंज पहुंचकर मावा, मावा लड्डू और नमकीन के नमूने लिए

शरद पूर्णिमा पर मावा बाजार में उमड़ी भीड़, सुबह 350 तो शाम को 500 रुपए किलो तक पहुंचा भाव



हरिभूमि न्यूज ⏭सिरोंज

शरद पूर्णिमा का पर्व रविवार को नगर में श्रद्धा, आस्था और भक्तिभाव के साथ मनाया गया। पर्व को लेकर सुबह से ही बाजारों में रौनक देखने को मिली। विशेष रूप से कठाली बाजार स्थित मावा मंडी में मावा खरीदने के लिए लोगों की भारी भीड़ उमड़ी। शरद पूर्णिमा पर भगवान सत्यनारायण को मावे के लड्डुओं का भोग लगाने की परंपरा के चलते मावे की मांग में तेजी रही। इसका असर मावे की कीमतों पर भी देखने को मिला। सुबह के समय जहां मावा 300 से 350 रुपये प्रति किलो तक बिका, वहीं शाम होते-होते इसके भाव बढ़कर 500 रुपये प्रति किलो तक पहुंच गए। दिनभर मावे की खरीदारी को लेकर बाजार में चहल-पहल बनी रही। दूसरी ओर खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने सिरोंज पहुंचकर मावा, मावा लड्डू और नमकीन के नमूने लिए तथा उन्हें जांच के लिए भेजा।

शरद पूर्णिमा के अवसर पर मिठाइयों और खाद्य सामग्री की खरीदारी बढ़ने के बीच खाद्य सुरक्षा विभाग की अधिकारी सारिका गुप्ता और कल्पना अरसिया सिरोंज पहुंचीं। अधिकारियों ने बाजार में खाद्य पदार्थों की जांच के उद्देश्य से मावा, मावा लड्डू और नमकीन के नमूने लिए। इसके अलावा तिरुपति मिष्ठान भंडार से मावा लड्डू एवं बेसन के लड्डुओं के नमूने भी लिए गए। सभी नमूनों को जांच के लिए भेजा गया है। खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए विभागीय कार्रवाई की गई। स्थानीय स्तर पर मावे की बढ़ती मांग और त्योहार के दौरान मिठाइयों की अधिक खपत को देखते हुए खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता की जांच महत्वपूर्ण मानी जा रही है। त्योहारों के समय बड़ी संख्या में लोग मावा और उससे बनी मिठाइयां खरीदते हैं। ऐसे में नमूनों की जांच से खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता के संबंध में जानकारी मिल सकेगी।



कठाली बाजार की मावा मंडी में रही भारी भीड़

रविवार सुबह से ही कठाली बाजार स्थित मावा मंडी में खरीदारों की आवाजाही बढ़ गई थी। महिलाएं और पुरुष अपने घरों में पूजा के लिए मावा खरीदने पहुंचे। पर्व की परंपरा के अनुसार मावे के लड्डू तैयार करने के लिए लोगों ने जरूरत के हिसाब से मावा खरीदा। मावा मंडी में एक साथ बड़ी संख्या में दोपहिया वाहन पहुंचने के कारण मुख्य सड़क के किनारे वाहन खड़े हो गए, जिससे बार-बार जाम जैसी स्थिति निर्मित होती रही। बाजार में भीड़ के कारण लोगों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ा। मावा मंडी के अलावा कपड़ा दुकानों और अन्य प्रतिष्ठानों पर भी खरीदारी के लिए महिलाओं की भीड़ देखने को मिली। त्योहार के चलते नगर के बाजारों में दिनभर रौनक बनी रही।

शरद पूर्णिमा पर मावे के लड्डुओं का विशेष महत्व

शरद पूर्णिमा पर भगवान सत्यनारायण को मावे के लड्डुओं का भोग लगाने की परंपरा का विशेष महत्व है। इसी कारण इस दिन मावे की खपत सामान्य दिनों की तुलना में बढ़ जाती है। पंडित राजेन्द्र प्रसाद के अनुसार, परंपरागत मान्यता के अनुसार प्रत्येक श्रद्धालु को पूजा के लिए तीन पाव यानी लगभग 750 ग्राम मावे की आवश्यकता होती है। इस मावे से सात लड्डू तैयार किए जाते हैं, जिन्हें पूजा के दौरान भगवान को अर्पित किया जाता है। मान्यता के अनुसार इन सात लड्डुओं का अलग-अलग लोगों को वितरण किया जाता है। इनमें एक हिस्सा श्रद्धालु महिला स्वयं ग्रहण करती है, जबकि अन्य हिस्से पति, गर्भवती महिला, सखी, पुरोहित, ग्वाल और सास को दिए जाने की परंपरा बताई जाती है। इसी धार्मिक परंपरा के चलते शरद पूर्णिमा पर मावे की खरीदारी का विशेष महत्व रहता है। हालांकि, अलग-अलग क्षेत्रों और परिवारों में पूजा की परंपराओं में अंतर भी देखने को मिलता है।

अधिकारियों की मौजूदगी में 300 से 350 रुपये किलो बिका

शरद पूर्णिमा के चलते रविवार सुबह से ही मावा मंडी में खरीदारी का सिलसिला शुरू हो गया था। सुबह के समय मावा 300 से 350 रुपये प्रति किलो के भाव से बिक रहा था। इसी दौरान खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने बाजार में पहुंचकर विभिन्न खाद्य पदार्थों के नमूने लिए। अधिकारियों के जाने के बाद शाम के समय मावे के भाव में बढ़ोतरी देखने को मिली और इसकी कीमत 500 रुपये प्रति किलो तक पहुंच गई। मावे के दामों में दिनभर के दौरान आए इस अंतर को लेकर बाजार में चर्चाएं होती रहीं। पर्व पर मावे की मांग अधिक रहने के कारण बड़ी संख्या में लोग खरीदारी के लिए पहुंचे। हालांकि, मावे के भाव में बढ़ोतरी के वास्तविक कारणों की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। त्योहार के दिन कीमतों में आए उतार-चढ़ाव ने खरीदारों का ध्यान आकर्षित किया।

महिलाओं ने व्रत रखकर की पूजा-अर्चना

नगर में शरद पूर्णिमा का पर्व महिलाओं ने विशेष श्रद्धा के साथ मनाया। अनेक महिलाओं ने व्रत रखकर घरों में भगवान सत्यनारायण की पूजा-अर्चना की। शुभ मुहूर्त में विधि-विधान से पूजन कर मावे के लड्डुओं का भोग लगाया गया। महिलाओं ने परिवार की सुख-समृद्धि, पति की लंबी आयु और संतान सुख की कामना की। पूजा-अर्चना के बाद महिलाएं मंदिरों में पहुंचीं और भगवान को मावे के लड्डुओं का प्रसाद अर्पित किया। कई घरों में परंपरा के अनुसार मावे से सात लड्डू तैयार किए गए। भगवान को भोग लगाने के बाद प्रसाद का वितरण किया गया। धार्मिक आस्था से जुड़े इस पर्व पर घरों और मंदिरों में पूजा-पाठ का माहौल रहा। शरद पूर्णिमा को लेकर मंदिरों में भी विशेष तैयारियां की गई थीं। श्रद्धालुओं ने भगवान के दर्शन कर परिवार की खुशहाली और सुख-समृद्धि की प्रार्थना की। पर्व के चलते धार्मिक गतिविधियों के साथ बाजारों में भी उत्साह का माहौल देखने को मिला।

कोजागरी पूर्णिमा के रूप में भी मनाया जाता है पर्व

धार्मिक मान्यताओं के अनुसार शरद पूर्णिमा को कोजागरी पूर्णिमा भी कहा जाता है। मान्यता है कि इस रात्रि माता लक्ष्मी पृथ्वी लोक पर भ्रमण करती हैं और यह देखती हैं कि कौन भक्त जागरण कर उनकी उपासना कर रहा है। इसी मान्यता के चलते श्रद्धालु रात्रि में जागरण कर माता लक्ष्मी की पूजा-अर्चना करते हैं तथा सुख-समृद्धि की कामना करते हैं। धार्मिक परंपरा में इस दिन माता लक्ष्मी और इंद्रदेव की पूजा का भी उल्लेख मिलता है। श्रद्धालु घरों में दीप प्रज्ज्वलित कर मंत्रोच्चार के साथ पूजन करते हैं। शरद पूर्णिमा को धार्मिक दृष्टि से विशेष फलदायी मानते हुए लोग श्रद्धा और विश्वास के साथ पूजा-अर्चना करते हैं।

आस्था के साथ बाजार में भी रहा उत्साह

शरद पूर्णिमा के अवसर पर सिरोंज में एक ओर मंदिरों और घरों में पूजा-अर्चना का दौर चलता रहा, वहीं दूसरी ओर बाजारों में खरीदारी की चहल-पहल बनी रही। मावा मंडी में उमड़ी भीड़ ने पर्व के दौरान मावे की बढ़ी मांग को दर्शाया। सुबह 300 से 350 रुपये प्रति किलो बिकने वाला मावा शाम तक 500 रुपये प्रति किलो पहुंचने से कीमतों में उल्लेखनीय अंतर देखने को मिला। वहीं खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम द्वारा मावा, मावा लड्डू, बेसन के लड्डू और नमकीन के नमूने लेकर जांच के लिए भेजे जाने की कार्रवाई भी दिनभर चर्चा में रही।

अवतरण दिवस पर सेवा कार्य

शरद पूर्णिमा पर महिला मंडल ने विद्यार्थियों को बांटे वस्त्र और मिठाई



मुनिश्री निर्णय सागर के 30वें दीक्षा दिवस पर किया पुण्य कार्य

हरिभूमि न्यूज ⏭सिरोंज

शरद पूर्णिमा के पावन अवसर पर महासमिति महिला मंडल द्वारा शासकीय सीएम राइज विद्यालय में सेवा एवं धर्ममय कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इस दौरान महिला मंडल की सदस्याओं ने विद्यालय पहुंचकर विद्यार्थियों को वस्त्र एवं मिठाई वितरित की। इस सेवा कार्य के माध्यम से बच्चों के चेहरों पर मुस्कान लाने के साथ ही समाज में सेवा, करुणा, परोपकार और मानवता का संदेश दिया गया। कार्यक्रम परम पूज्य युगदृष्टा, राष्ट्रसंत, जीवदया के मसीहा संत शिरोमणि आचार्य श्री 108 विद्यासागर जी महामुनिराज के अवतरण दिवस, गुरु परंपरा के गौरव नवाचार्य श्री 108 समय सागर जी महाराज के अवतरण दिवस तथा नगर गौरव मुनि श्री 108 निर्णय सागर जी महाराज के 30वें दीक्षा दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित किया गया। इस अवसर पर महिला मंडल की सदस्याओं ने गुरुओं के प्रति श्रद्धा व्यक्त करते हुए जरूरतमंद विद्यार्थियों की सहायता कर सेवा और समर्पण का परिचय दिया। महिला मंडल की इस पहल का उद्देश्य विद्यार्थियों के साथ खुशियां साझा करने के साथ ही उनमें संस्कार, सद्भाव और सामाजिक सहयोग की भावना को प्रोत्साहित करना रहा। वस्त्र एवं मिठाई पाकर विद्यार्थियों के चेहरे खिल उठे। इस दौरान गुरु परंपरा के आदर्शों को आत्मसात करते हुए समाज के जरूरतमंद वर्ग की सेवा करने का संदेश भी दिया गया। महिला मंडल की सदस्याओं ने कहा कि धार्मिक अवसरों को सेवा कार्यों से जोड़ने से समाज में सकारात्मक संदेश पहुंचता है। संतों की शिक्षाएं हमें जीवदया, करुणा, त्याग, संयम और परोपकार के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देती हैं। ऐसे आयोजनों के माध्यम से धार्मिक आस्था के साथ सामाजिक दायित्वों का निर्वहन भी किया जा सकता है। महासमिति महिला मंडल की यह पहल गुरुजनों के प्रति श्रद्धा प्रकट करने के साथ ही विद्यार्थियों के बीच सेवा, संस्कार और मानवता के मूल्यों को आगे बढ़ाने का प्रेरणादायी प्रयास रही।

कपल, सिंगल और ग्रुप डांस से सजी सांस्कृतिक संध्या, विजेताओं को किया पुरस्कृत

अग्रवाल डांस दीवाने में बच्चों और बड़ों ने दी शानदार प्रस्तुतियां

हरिभूमि न्यूज ⏭सिरोंज

अग्रसेन जयंती के उपलक्ष्य में नगर के गंगा बाई हायर सेकेंडरी स्कूल में सिरोंज कल्चर क्लब द्वारा अग्रवाल डांस दीवाने कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बच्चों से लेकर बड़ों तक ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी नृत्य प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन कर उपस्थित लोगों का मन मोह लिया।

कार्यक्रम के दौरान पूरा माहौल उत्साह, उमंग और सांस्कृतिक रंगों से सराबोर नजर आया। अग्रवाल समाज की प्रतिभाओं को मंच प्रदान करने और उनकी कला को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से आयोजित इस कार्यक्रम में प्रतिभागियों ने एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियां दीं। कार्यक्रम में कपल डांस, सिंगल डांस और



ग्रुप डांस सहित विभिन्न श्रेणियों में प्रतिभागियों ने अपनी कला का प्रदर्शन किया। आकर्षक नृत्य प्रस्तुतियों, शानदार तालमेल और मनमोहक अंदाज ने दर्शकों को खूब आनंदित किया। बच्चों की प्रस्तुतियों ने जहां सभी का ध्यान आकर्षित किया, वहीं बड़ों ने भी अपनी नृत्य कला और उत्साह से कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए। कार्यक्रम में प्रतिभागियों ने संगीत की धुनों पर अपनी शानदार प्रस्तुतियां देकर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। प्रत्येक प्रस्तुति पर दर्शकों ने तालियां बजाकर प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया। इस आयोजन के माध्यम से समाज के बच्चों और युवाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिला। साथ ही समाज के लोगों को एक मंच पर एकत्र होकर सांस्कृतिक गतिविधियों में सहभागी बनने का अवसर भी प्राप्त हुआ। कार्यक्रम के समापन अवसर पर विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विजेताओं को अतिथियों एवं सिरोंज कल्चर क्लब के पदाधिकारियों द्वारा पुरस्कार वितरित किए गए। पुरस्कार पाकर विजेताओं के चेहरे खिल उठे।

आयोजकों ने प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करते हुए उनकी प्रतिभा की सराहना की। इस अवसर पर सिरोंज कल्चर क्लब के पदाधिकारी अंकित सिंघल, अनुज गोयल, अंकुर बंसल, रोहित बंसल,निकुंज मंगल,उदित अग्रवाल,शोभित गर्ग,ऋषभ अग्रवाल,सोनू मित्तल,चकोर अग्रवाल,अर्चित सिंघल,तनिष मंगल, वरुण बंसल, वीर गर्ग सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे। सभी ने कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह का शॉल-श्रीफल भेंट कर किया स्वागत



सिरोंज। जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता अवध शर्मा ने पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह का आत्मीय स्वागत एवं सम्मान किया। इस दौरान अवध शर्मा ने उन्हें शॉल-श्रीफल भेंट किया तथा रोली-चंदन का तिलक लगाकर उनका अभिनंदन किया। इस अवसर पर अवध शर्मा ने पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह के प्रति सम्मान व्यक्त करते हुए उनका स्वागत किया। आत्मीयता और सम्मान के साथ किए गए। इस अभिनंदन के दौरान कांग्रेस नेताओं के बीच सौहार्दपूर्ण माहौल रहा।

मुख्यमंत्री तीर्थ-दर्शन योजनाः नगर के 13 तीर्थ यात्री श्रवणबेलगोला के लिए रवाना

हरिभूमि न्यूज ⏭बरेली

मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के अंतर्गत मुनि सुव्रत नाथ जिनालय से 13 तीर्थ यात्रियों को भाजपा जिला उपाध्यक्ष योगेश पटेल , नपा उपाध्यक्ष नेपाल सिंह राजपूत , अखंड जिला जैन परिषद जिला अध्यक्ष गोपाल वासल , दिगंबर जैन पंचायत कमेटी अध्यक्ष आशीष जैन सहित बड़ी संख्या में जैन समाज के द्वारा तीर्थ यात्रियों को फूल माला



पहना कर विदा किया गया।

इस संबंध में भाजपा जिला उपाध्यक्ष योगेश पटेल ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी के द्वारा सर्व धर्म समभाव को लेकर कार्य करती है मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के अंतर्गत सभी समाजों को रामेश्वरम , तिरुपति बालाजी, श्रवणवेलगोला , गिरनार जी, गंगासागर सहित अन्य तीर्थ स्थान पर यात्रा कर रही है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री तीर्थ-दर्शन योजना प्रदेश सरकार की एक महत्वपूर्ण जनकल्याणकारी पहल है, जिसके माध्यम से पात्र श्रद्धालुओं को धार्मिक स्थलों की यात्रा करने का अवसर प्राप्त होता है। यह योजना श्रद्धालुओं की आस्था को सम्मान देने के साथ-साथ धार्मिक एवं सांस्कृतिक परंपराओं को सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

झांकी रंगोली बनाई, पुष्प वर्षा कर पथसंचलन के स्वयंसेवकों का स्वागत

आरएसएस के 101 वर्ष पूर्ण, नगर में निकले दो पथ संचलन

पूर्ण गणवेश में राज्य मंत्री पटेल हुए सम्मिलित

हरिभूमि न्यूज ⏭बरेली

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना के 101 वर्ष पूर्ण हो चुके हैं। रविवार को नगर में दो अलग-अलग विशाल प्रतिमा संचलन में सम्मिलित पूर्ण गणवेश धारी स्वयंसेवकों द्वारा नगर भ्रमण किया गया। एक पथसंचलन थाना मैदान से प्रारंभ होकर वापस थाना मैदान पर समापन हुआ। दूसरा पथ संचलन रामलीला मैदान से प्रारंभ होकर पुरानी बस्ती की प्रमुख



सड़कों पर भ्रमण के बाद रामलीला मैदान में समापन हुआ। क्षेत्र के विधायक और प्रदेश के स्वास्थ्य राज्य मंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल पूर्ण गणवेश में पथ संचलन में सम्मिलित हुए। नई बस्ती का पथ संचलन थाना मैदान से घोष के साथ प्रारंभ हुआ जिसमें सैकड़ों स्वयं सेवक सम्मिलित हुए नगर की नई बस्ती पूर्व दिशा में नाहार कॉलोनी किनकी रोड प्रेम नगर कॉलोनी सहित अन्य स्थानों का भ्रमण किया। पुरानी बस्ती का पथ संचलन रामलीला मैदान से घोष के साथ प्रारंभ हुआ बड़ा बाजार चौधरी चौक छोटा बाजार सब्जी मंडी टॉकीज रोड से रामलीला मैदान में समापन हुआ।

शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय में अनियमितताओं को लेकर स्टाफ असंतुष्ट

वित्तीय गड़बड़ियों और आरटीआई विवाद के बीच महिला फैकल्टी को वीडियो कॉल पर दिखाने का मामला गरमाया

शिक्षकों व महिला स्टाफ ने की कड़ी कार्रवाई की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭बरेली

बरेली के समनापुर स्थित शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय में प्रशासनिक व्यवस्थाएं पूरी तरह से बेपटरी नजर आ रही हैं। कॉलेज में वेतन भुगतान में निरंतर विलंब, वर्ष 2017 से परीक्षा ड्यूटी और प्रायोगिक परीक्षाओं का पारिश्रमिक लंबित होने, और सार्थक पोर्टल पर उपस्थिति के बिना कुछ लोगों को वेतन जारी किए जाने जैसे गंभीर मुद्दों को लेकर विवाद पहले से ही गहराया हुआ था। जिसमें मुख्य विवाद कॉलेज के प्राचार्य की पुत्री को वेतन जारी किए जाने जैसे गंभीर मुद्दों को लेकर विवाद पहले से ही गहराया हुआ था। अब इस मामले में महिला फैकल्टी की गरिमा से जुड़ा एक गंभीर प्रकरण और विभिन्न स्तरों पर दी गई शिकायतों ने तूल पकड़ लिया है।

विभिन्न स्तरों पर शिकायत और आवेदनः महाविद्यालय के शिक्षकों द्वारा इन तमाम अनियमितताओं के खिलाफ प्रमुख अधिकारियों के यहां शिकायतें दर्ज कराई गई हैं।



अतिथि व्याख्याता मोनू सर्वर द्वारा राजस्व अनुभाग के अंतर्गत अनुविभागीय अधिकारी दंडाधिकारी, बरेली को शिकायत आवेदन दिया गया है। कॉलेज की महिला फैकल्टी सदस्यों—शर्मिला भार्गव, नेहा माहेश्वरी, प्रीति मालपानी(मीणा), मोनू सरवर, आरती मीणा द्वारा संस्था के प्राचार्य को एक लिखित शिकायत दी गई है। इस शिकायत में आरोप लगाया गया है कि चंदन द्वारा बिना बताए वीडियो कॉलिंग पर फीमेल फैकल्टी को दिखाया गया, जो कि एक बेहद अपमानजनक कृत्य है। इन सभी महिला सदस्यों ने प्राचार्य से कड़े शब्दों में मांग की है कि इस प्रकार के अमर्यादित कृत्य करने वाले ओर करवाने वाले के खिलाफ जांच कर सख्त से सख्त अनुशासनात्मक और कानूनी कार्रवाई की जाए।

आरटीआई के तहत कॉलेज से जानकारियां मांगी गईंः आवेदक आदित्य कौरव द्वारा 09/04/2026 को आरटीआई के माध्यम से वर्ष 2017 से अब तक मिले फंड, उसके उपयोग, बिल/वाउचर, और सार्थक ऐप के अनुसार अतिथि व्याख्याताओं की उपस्थिति एवं अटेंडेंस रजिस्टर की प्रति व वेतन प्रस्तावों का ब्योरा मांगा गया था।

प्रमुख मांगें

शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय में वित्तीय वर्ष 2017 से लंबित पारिश्रमिक और फंड के उपयोग की उच्चस्तरीय निष्पक्ष जांच हो।
महिला फैकल्टी को बिना अनुमति वीडियो कॉल पर प्रदर्शित करने वाले के खिलाफ प्राचार्य तत्काल सख्त कार्रवाई करें।

इनका कहना है...

हमें पॉलिटेक्निक कॉलेज की गड़बड़ियों के मामले में आवेदन और शिकायत प्राप्त हुई है, इसके विषय में हमने पॉलीटेक्निक कॉलेज समनापुर के प्राचार्य को अवगत कराया और नोटिस जारी किया जिसमें उनका लिखित जवाब प्राप्त हुआ है। अगर इन गड़बड़ियों को समय रहते ठीक नहीं किया गया तो हम दोबारा फिर से नोटिस जारी करेंगे।
अंकित जैन, अनुविभागीय अधिकारी बरेली।

कार्यालय ग्राम पंचायत डंगरवाड़ा
जनपद पंचायत नटेरन, जिला विदिशा (मध्यप्रदेश)
सार्वजनिक नीलामी सूचना

ग्राम पंचायत की 17 दुकानों को लीज पर देने हेतु नीलामी

ग्राम पंचायत डंगरवाड़ा द्वारा सिरोंज-भोपाल मार्ग पर गोशाला के सामने स्थित शासकीय भूमि खसरा नंबर 77/1, कुल रकबा 2.996 हेक्टेयर पर विकसित ग्राम पंचायत की 17 दुकानों को लीज पर देने हेतु सार्वजनिक नीलामी आयोजित की जा रही है। इच्छुक व्यक्ति निर्धारित नियमों एवं शर्तों के अनुसार नीलामी में भाग लेने के लिए आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं।

1.	नीलामी हेतु संपत्ति का विवरण	1. संपत्ति का प्रकार: ग्राम पंचायत की दुकानें।, 2. दुकानों की संख्या: 17 , 3. प्रत्येक दुकान का आकार: 8x9 फीट।, 4. खसरा नंबर: 77/1, 5. कुल भूमि का रकबा: 2.996 हेक्टेयर।, 6. स्थान: सिरोंज-भोपाल मार्ग, गोशाला के सामने, ग्राम पंचायत डंगरवाड़ा, जनपद पंचायत नटेरन, जिला विदिशा।
2.	महत्वपूर्ण तिथियां	1. आवेदन जमा करने की प्रारंभिक तिथि: 1 नवंबर 2026।, 2. आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि: 10 नवंबर 2026।, 3. नीलामी की दिनांक: 12 नवंबर 2026।, 4. नीलामी का स्थान: ग्राम पंचायत कार्यालय डंगरवाड़ा।, 5. नीलामी का समय: ग्राम पंचायत कार्यालय द्वारा सूचित किया जाएगा।
3.	आरक्षण	शासन के प्रचलित नियमों एवं निर्देशों के अनुसार पात्र वर्गों के लिए आरक्षण का प्रावधान लागू होने पर उसका पालन किया जाएगा।
4.	आवंटन एवं नीलामी प्रक्रिया	1. दुकानों का आवंटन निर्धारित नियमों एवं शर्तों के अनुसार किया जाएगा।, 2. इच्छुक आवेदकों को निर्धारित प्रारूप में आवेदन 1 नवंबर से 10 नवंबर 2026 तक ग्राम पंचायत कार्यालय में जमा करना होगा।, 3. नीलामी में भाग लेने के लिए निर्धारित 10 हजार रु जमानत राशि जमा करना अनिवार्य होगा।,4. सफल बोलीदाता को निर्धारित समय-सीमा में नियमानुसार राशि जमा करनी होगी।, 5. दुकान का उपयोग निर्धारित उद्देश्य एवं नियमों के अनुसार करना होगा।, 6. नीलामी से संबंधित विस्तृत नियम, शर्तें, जमानत राशि एवं अन्य जानकारी ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त की जा सकती हैं।

नीलामी प्रक्रिया शासन के प्रचलित नियमों के अनुसार संपन्न की जाएगी। ग्राम पंचायत को नियमानुसार नीलामी निरस्त करने अथवा आवश्यक निर्णय लेने का अधिकार सुरक्षित रहेगा।

अतः इच्छुक व्यक्ति निर्धारित समय-सीमा में आवेदन प्रस्तुत कर 10 हजार रु की राशि जमा कर नीलामी प्रक्रिया में भाग लें।

सरपंच / सचिव
ग्राम पंचायत डंगरवाड़ा
जनपद पंचायत नटेरन, जिला विदिशा (म.प्र.)

जाहिर- सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, मनोहर सिह व धर्मवीर सिंह पुत्रगण श्री अजब सिंह राजपूत निवासी ग्राम मढा तहसील व जिला रायसेन के स्वामित्व एवं आधिपत्य का एक प्लाट जिसका क्षेत्रफल 1357.5 वर्ग फिट है जिसकी चतुर्सीमाये निम्न है: पूर्व में मकान संजय साहनी, पश्चिम में रंधीर सिंह का मकान, उत्तर में पनहारी गली दक्षिण मे सांची रायसेन रोड है। उक्त प्लाट मकान मनोहर सिह व धर्मवीर सिंह ने दिनांक 26-10-2017 Registration No. MP299912017A1596912 के द्वारा विनोद कुमार किरार पुत्र श्री विजय कुमार किरार से क्रय किया था। जिसका लिंक विक्रय पत्र जिसे विनोद कुमार किरार पुत्र श्री विजय कुमार किरार ने दस्तावेज क्रमांक 1714 ग्रन्थ कमांक 2154 दिनांक 29-09-2011 को संजय साहनी, मनोज साहनी, रजनीस साहनी पुत्रगण राजपाल साहनी व रेशमा पत्नि स्व. श्री विजय साहनी व अर्पित पुत्र श्री विजय साहनी व देवेन्द्र, सतीश पुत्रगण श्री रामकमल साहनी से क्रय कर कब्जा प्राप्त किया था। उक्त दस्तावेज की लिंक विक्रय पत्र कमांक 1714 ग्रन्थ कमांक 2154 दिनांक 29-09-2011 मेरे मकान ग्राम मढा तहसील व जिला रायसेन से गुम हो गई है जिसकी पुलिस थाना सांची जिला रायसेन में सूचना दिनांक 24.10.2026 को दे दी गई है। मनोहर सिह व धर्मवीर सिंह ने उक्त प्लाट/ मकान को बंधक कर HDB Financial Services Pvt. Ltd. शाखा विदिशा से ऋण प्राप्त कर रहे है। अतएव इस सार्वजनिक सूचना के द्वारा सूचित किया जाता है कि, उक्त मकान मय प्लाट को बंधक किये जाने में यदि किसी व्यक्ति, संस्था, निकाय, बैंक आदि को किसी प्रकार की स्वामित्व विषयक, देयता विषयक, बंधक विषयक, अधिकार विषयक आपत्ति हो अथवा अन्य कोई कर्ज हो तो वह इस प्रकाशन के 7 दिवस के अन्दर कार्यालीन समय में मेरे कार्यालय में आपनी आपत्ति लेखी प्रस्तुत करे एवं दस्तावेज क्रमांक 1714 ग्रन्थ कमांक 2154 दिनांक 29-09-2011 मिलने पर मेरे कार्यालय में जमा करा दे। उक्त अवधि के पश्चात उक्त मकान मय प्लाट मय मकान को बंधक करने के लिये अग्रसर हो जायेगा एवं ऐसी दशा में किसी की, किसी भी प्रकार की आपत्ति या अधिकार मान्य नही होगा सूचित हो।

भवदीय श्री चंद्र जैन एम.ए. एलएल.बी. एडवोकेट
शैलेश कुमार जैन बी.ए. एलएल.बी. एडवोकेट
कार्यालय- बैंक ऑफ बड़ौदा के पास, किरी मोहल्ला, विदिशा (म.प्र.) 464001
मोबाइल: 9827045821, 9977684647,
फोन: 07592 (0) 235334

दीपोत्सव : पटाखा बाजार को लेकर अभी से करना होगी प्लानिंग और इंतजाम

दीपावली के अब चंद दिन बाकी, आधा दर्जन स्थानों पर होगा पटाखों का विक्रय

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

सनातन धर्म के प्रमुख त्योहारों में से एक दीपावली का त्यौहार इस वर्ष भी पूरे जिले में हर्ष और उल्लास के साथ मनाया जाएगा। जिलेभर में त्योहार की तैयारियां जोर शोर से चल रही हैं, वहीं पटाखों के इस त्योहार में इस बार प्रशासन सख्त नजर आ रहा है। जिलेभर में कहीं भी किसी प्रकार की कोई अप्रिय घटना न हो इसको लेकर प्रशासन बहुत संवेदनशील है। नगर में दशहरा मैदान में पटाखों की दुकानों की नीलामी प्रशासन द्वारा की जाएगी, जिसमें लगभग 100 लायसेंसी दुकानें लगाई जाएगी। पटाखों के बाजार में जरा सी लापरवाही बहुत भारी पड़ सकती है, जिसको लेकर प्रशासन ने पुख्ता इंतजाम किए हैं। पटाखा बाजारों के चयन स्थल से लेकर, वहां अग्नि हादसों को रोकने के इंतजाम, दुकानों के बीच गैपिंग, पार्किंग स्थल आदि को लेकर अभी से प्रशासन की प्लानिंग शुरू हो गई है। पिछले साल जिले की एक पटाखा दुकान में अग्नि हादसा होते होते बचा था, जिससे सबक लेते इस वर्ष पुख्ता इंतजाम किए जा रहे हैं, ताकि कोई अप्रिय हादसा न हो सके।



फाइल फोटो

नपा ने नहीं की कोई व्यवस्था

दीवाली के कुछ ही दिन शेष रह गए हैं, लेकिन नगर पालिका प्रशासन द्वारा पटाखा बाजार स्थल पर अभी तक कोई इंतजामात नहीं किए गए हैं। शहर के पटाखा व्यापारी दीवान सिंह यादव, राहुल परमार, मनोज चौरसिया का कहना है कि दशहरा मैदान में शहर के साथ जिलेभर का सबसे बड़ा पटाखा बाजार लगता है। उसके बाद भी नगर पालिका द्वारा वहां पर अभी तक सुरक्षा व्यवस्था नहीं की गई है। अगर ऐसे में आगजनी की घटना घटती है तो काफी बड़ा नुकसान होगा। इससे बचने के लिए नपा को वहां से कचरे का उठाव जल्द करा लेना चाहिए। साथ ही वहां पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करना चाहिए।

शहर के इन स्थानों पर लगते हैं बाजार

उल्लेखनीय है कि दीपावली पर शहर के गंजबाजार, श्रीरामलीला गेट, महात्मा गांधी प्रतिमा के सामने पाटनदेव समेत अन्य स्थानों पर परंपरागत रूप से फुटकर पटाखा बाजार लगते हैं। शहर के अलावा ग्रामीण इलाकों से भी लोग पटाखे व अन्य सामग्री खरीदने के लिए पहुंचते हैं। दीपावली के त्यौहार के एक सप्ताह पहले से ही यहां हालात ऐसे हो जाते हैं कि पैर रखने के लिए जगह नहीं बचती। बम पटाखा और आतिशबाजी सामग्री की खरीदी का दौर सुबह से लेकर रात तक चलता है। लोगों का कहना है कि परिस्थितियों का मूल्यांकन करते हुए बाजारों में व्यवस्थाओं को लेकर अभी से पहल बेहद जरूरी है। समय रहते हुए इसके लिए विभिन्न बिंदुओं पर आधारित गाइड लाइन अभी से तय की जानी चाहिए।

पटाखा बाजार में सुरक्षा के होंगे पुख्ता इंतजाम

शहर के दशहरा मैदान में अस्थायी पटाखा दुकानें सजाई जाएंगी। पटाखा कारोबारियों ने अपनी-अपनी दुकानें नीलामी में खरीदकर आतिशबाजी की दुकानें सजाकर सजाना शुरू करेंगे। जिला प्रशासन को इनसे बड़ा राजस्व मिलता है, प्राशसनिक अधिकारी ने बताया कि व्यवस्था में किसी प्रकार की चूक न हो सके इसके लिए जरूरी इंतजाम किए गए है। मौके पर फायर ब्रिगेड वाहन, एम्बुलेंस और अग्निशमन यंत्र की व्यवस्था की जाएगी।

ऐसे होना चाहिए इंतजाम

पटाखा बाजार में बिजली कनेक्शन के लिए प्रयुक्त वायर फ्रेश और वन पीस होना चाहिए, लकड़ी, प्लास्टिक का उपयोग कर दुकान नहीं बनाई जा सकती। इसके लिए लोहे के एंगल या अलमारी का उपयोग होना चाहिए। हर दुकान के बीच 3 मीटर की दूरी होनी चाहिए, ताकि अग्निशमन वाहन को आने-जाने में दिक्कत न हो। अग्निशमन यंत्र, पानी की बाल्टी, रेत हर दुकान के सामने अनिवार्य रुप से होनी चाहिए।

क्या है नई गाइड लाइन

सुप्रीम कोर्ट दिल्ली व राष्ट्रीय हरित अधिकरण द्वारा जारी निर्देशों व प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा भेजी गई जिले की वायु गुणवत्ता रिपोर्ट को दृष्टिगत रखते हुए भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता-2023 की धारा 163 के तहत कलेक्टर रोहित सिसोनिया ने प्रतिबंधात्मक आदेश जारी करते हुए जिले में ऐसे पटाखों के क्रय-विक्रय भंडारण एवं परिवहन की गतिविधियों पर रोक लगा दी है। जिनके निर्माण में बेरियम साल्ट का इस्तेमाल किया गया हो। प्रतिबंधात्मक आदेश तत्काल प्रभावी हो गया है और यह आगामी आदेश तक लागू रहेगा। लागू आदेशों के तहत ऐसे पटाखे जिनकी तीव्रता विस्फोट स्थल से 4 मीटर की दूरी पर 125 डेसिबल से अधिक हो, उनके क्रय-विक्रय भंडारण एवं परिवहन पर भी रोक लगाई है। इसके साथ ही एंटीमोनी, लिथियम, मरकरी, आर्सेनिक, लेड, स्ट्रोंटियमक्रोमेट का उपयोग कर बनाए गए पटाखों के क्रय-विक्रय, भंडारण एवं परिवहन को भी प्रतिबंधित किया गया है।

इनका कहना है

इस साल पटाखा बाजार में सुरक्षा व्यवस्था के तगड़े इंतजाम कराए जाएंगे। निर्धारित गाइड लाइन के तय मानकों के तहत आतिशबाजी, बम, पटाखों का विक्रय कराया जाएगा, ताकि गाइड लाइन का पूर्ण पालन हो सके और आम लोगों को किसी परेशानी का सामना भी न करना पड़े।

रोहित सिसोनिया, कलेक्टर रायसेन



भोपाल के रत्नागिरी तिराहे से लेकर सांची के मोरी-कोड़ी तक बन रही फोरलेन सड़क

पहाड़ काटकर आसान कर रहे भोपाल का सफर, खत्म हो रहे अंधे मोड़, 100 किमी की रफ्तार से दौड़ेंगे वाहन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

जिले से होकर गुजरने वाले भोपाल-विदिशा नेशनल हाईवे-146 पर सफर को सुरक्षित और सुगम बनाने के लिए बड़ा बदलाव किया जा रहा है। नेशनल हाईवे अथॉरिटी द्वारा रत्नागिरी तिराहे भोपाल से लेकर मोरी-कोड़ी रायसेन तक करीब 35 किलोमीटर लंबे हिस्से को फोरलेन में बदला जा रहा है। इस दौरान हाईवे के पुराने अलाइनमेंट को पूरी तरह सुधारा जा रहा है। हरी भरी पहाड़ियों के बीच बने खतरनाक अंधे मोड़ों को खत्म करने के लिए पहाड़ों को काटकर सड़क को सीधा किया जा रहा है।

दरअसल, यह हाईवे भोपाल को सागर, विदिशा और बुंदेलखंड से जोड़ने वाला रायसेन विदिशा कानपुर कॉरिडोर मुख्य मार्ग है। रोजाना यहां से 15 हजार से ज्यादा छोटे-बड़े वाहन गुजरते हैं। पुराना हाईवे सिंगल टू-लेन है और रत्नागिरी, दीवानगंज और सांची के पहाड़ी इलाके में कई जगह 90 डिग्री के अंधे मोड़ हैं। इन मोड़ों पर सामने से आने वाला वाहन दिखाई नहीं देता।जिसके कारण आए दिन सड़क हादसे होते हैं। स्थानीय लोगों की लंबे समय से मांग थी कि इन मोड़ों को खत्म किया जाए। कलेक्टर रोहित सिसोनिया ने भी हाल ही में निर्माण स्थल का निरीक्षण कर काम में तेजी लाने के निर्देश दिए हैं। वीआरसी सड़क कंपनी के अधिकारियों का दावा है कि दिसंबर 2026 तक रत्नागिरी से मोरी-कोड़ी तक का फोरलेन स्ट्रेच पूरी तरह तैयार हो जाएगा। इसके बाद रायसेन से भोपाल और विदिशा का सफर ज्यादा सुरक्षित, तेज और जाम-मुक्त हो जाएगा।

ब्लास्टिंग कर काटे जा रहे पहाड़

एनएचएआई के प्रोजेक्ट मैनेजर के मुताबिक, फोरलेन निर्माण में आधुनिक तकनीक का इस्तेमाल किया जा रहा है। पहाड़ी हिस्से में जेसीबी और रॉक कटर मशीनों से पहाड़ काटा जा रहा है। जहां जरूरत है वहां नियंत्रित ब्लास्टिंग भी की जा रही है। नई सड़क की चौड़ाई 24 मीटर रखी जा रही है, जिसमें 7-7 मीटर की दो मुख्य लेन, बीच में 2.5 मीटर का डिवाइडर और दोनों तरफ सर्विस लेन का निर्माण होगा। सड़क किनारे क्रैश बैरियर और साइन बोर्ड भी लगाए जाएंगे।

समय और ईंधन दोनों बचेगा

फोरलेन बनने के बाद इस मार्ग पर यातायात की क्षमता दोगुनी हो जाएगी। अभी भोपाल से विदिशा जाने में करीब ढाई घंटे लगते हैं, जो घटकर दो घंटे रह जाएगा। वाहनों की औसत स्पीड 40-50 किमी से बढ़कर 100 किमी प्रति घंटे हो जाएगी। इससे न सिर्फ समय बचेगा, बल्कि ईंधन की भी बचत होगी।

पुलिस ने किया 28 घंटे में काछी कानाखेड़ा मंदिर चोरी कांड का खुलासा, आभूषण बरामदकर आरोपी को गिरफ्तार किया



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन/सलामतपुर

सांची जनपद के ग्राम काछी कानाखेड़ा स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर में हुई सनसनीखेज चोरी का पुलिस ने महज 28 घंटे के भीतर ही सफल खुलासा कर दिया है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए चोर को गिरफ्तार कर मंदिर से चुराए गए भगवान हनुमान जी के सभी कीमती आभूषण भी सुरक्षित बरामद कर लिए हैं। पुलिस के अनुसार, वारदात 22 और 23 अक्टूबर 2026 की दरमियानी रात्रि को अंजाम दी गई थी। अज्ञात चोर ने अंधेरे का फायदा उठाकर प्राचीन हनुमान मंदिर को निशाना बनाया और हनुमान जी के श्रृंगार के आभूषण चुराकर फरार हो गया। इस घटना की रिपोर्ट 25 अक्टूबर को फरियादी नारायण प्रसाद शर्मा द्वारा थाने में दर्ज कराई गई। शिकायत पर सांची पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी थी।

तकनीकी सर्विलांस से मिला सुराग

मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए एक विशेष पुलिस टीम का गठन किया। टीम ने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया और तकनीकी साक्ष्यों, सीसीटीवी फुटेज तथा मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया। मुखबिर की सटीक सूचना और तकनीकी सर्विलांस के आधार पर पुलिस ने पंकज मेहरा 26 वर्ष, निवासी ग्राम काछी कानाखेड़ा थाना सांची को हिरासत में लिया। कड़ाई से पूछताछ करने पर आरोपी ने चोरी करना स्वीकार कर लिया। आरोपी के कब्जे से चोरी किए आभूषण बरामद कर लिए। इस पूरी कार्रवाई में थाना प्रभारी रामबिलोचन शर्मा के नेतृत्व में एएसआई चंद्रपाल सिंह, प्रधान आरक्षक सचिन शर्मा, तुलाराम, सुरेश गोहे, आरक्षक सौरभ रघुवंशी, योगेश रघुवंशी तथा वाहन चालक सउनि संजय कुमार की विशेष भूमिका रही।

गोपीसुर सतकुंडा में 5.79 करोड़ के विकास की सौगात

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

सांची विधानसभा क्षेत्र के गोपीसुर सतकुंडा में रविवार को करीब 5.79 करोड़ रुपए के विकास कार्यों की सौगात मिली। विधायक डॉ. प्रभुराम चौधरी और जिला पंचायत अध्यक्ष यशवंत सिंह बबलू मीणा ने उप स्वास्थ्य केंद्र के नवनिर्मित भवन और दो सड़क मार्गों का लोकार्पण किया। इसके साथ ही दो अन्य सड़क निर्माण कार्यों का भूमिपूजन भी किया गया। विधायक डॉ. चौधरी ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार शासन की प्राथमिकता है। उप स्वास्थ्य केंद्र का नया भवन शुरू होने से ग्रामीणों को स्थानीय स्तर पर स्वास्थ्य सेवाएं मिल सकेंगी। उपचार के लिए उन्हें दूर नहीं जाना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि अच्छी सड़कें ग्रामीण विकास की आधारशिला हैं। सड़क निर्माण से आवागमन आसान होगा और लोगों को शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि सहित अन्य जरूरी सुविधाओं तक पहुंचने में सहूलियत मिलेगी। उन्होंने कहा कि सांची विधानसभा क्षेत्र के सर्वांगीण विकास और प्रत्येक गांव तक मूलभूत सुविधाएं पहुंचाने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं।

उप स्वास्थ्य केंद्र व दो सड़क का लोकार्पण, दो सड़क का भूमिपूजन



इन कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन

कार्यक्रम में 71.16 लाख रुपए की लागत से बने उप स्वास्थ्य केंद्र भवन का लोकार्पण किया गया। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के तहत मुख्य मार्ग से गोपीसुर सतकुंडा तक 1.44 करोड़ रुपए और प्रधानमंत्री सड़क से चोपड़ा मोहल्ला तक 1.32 करोड़ रुपए की लागत से बनी बीटी सड़कों का भी लोकार्पण हुआ। वहीं, प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के तहत 1.12 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाले गोपीसुर से नई दिल्ली टोला मार्ग और 1.18 करोड़ रुपए की लागत से गोपीसुर से काला झिरना टोला तक सड़क निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया गया।

दीपावली की तैयारियां शुरू: मिट्टी की लक्ष्मी-गणेश प्रतिमाएं बनाने में जुटे कलाकार

घर-घर में होगी लक्ष्मी-गणेश की पूजा, त्योहार को लेकर मूर्तिकारों

हरिभूमि न्यूज ⏭ दीवानगंज

दीपावली पर्व को लेकर दीवानगंज और अंबाड़ी में तैयारियां शुरू हो गई हैं। बाजारों में मां लक्ष्मी और भगवान गणेश की मिट्टी की प्रतिमाओं की मांग को देखते हुए प्रजापति समाज के कलाकार पारंपरिक कला और हुनर से प्रतिमाएं तैयार करने में जुट गए हैं। कोई मिट्टी को आकार देकर मूर्तियां बनाने में व्यस्त है, तो कोई प्रतिमाओं की रंगाई और सजावट कर उन्हें आकर्षक रूप दे रहा है। त्योहार नजदीक आते ही कारीगरों के काम में तेजी आ गई है। खास बात यह है कि प्रतिमाएं तैयार करने में कारीगरों के साथ उनके परिवार के सदस्य भी सहयोग कर रहे हैं।



दीपावली हिंदू धर्म के प्रमुख त्योहारों में से एक है। इस दिन सुख-समृद्धि और धन-वैभव की कामना के साथ मां लक्ष्मी तथा शुभता और विघ्नों को दूर करने वाले भगवान गणेश की पूजा-अर्चना की जाती है। परंपरा के अनुसार, लोग अपने घरों, दुकानों और प्रतिष्ठानों में लक्ष्मी-गणेश की प्रतिमाएं स्थापित कर विधि-विधान से पूजन करते हैं। इसी धार्मिक आस्था के चलते दीपावली के दौरान इन प्रतिमाओं की मांग बढ़ जाती है। इसे देखते हुए स्थानीय कुम्हार कई दिन पहले से ही मूर्तियां बनाने की तैयारी शुरू कर देते हैं।

मिट्टी को आकार देकर उकेर रहे कलाकारी-मिट्टी की प्रतिमाएं तैयार करना मेहनत और धैर्य का काम है। इसके लिए कारीगर सबसे पहले मिट्टी को प्रतिमा बनाने के अनुकूल तैयार करते हैं। इसके बाद मां लक्ष्मी और भगवान गणेश की प्रतिमाओं को आकार दिया जाता है। प्रतिमाओं के सूखने के बाद रंगाई, सजावट और बारीक कारीगरी का काम किया जाता है। प्रतिमाओं के चेहरे, वस्त्र, आभूषण और अन्य आकृतियों को सुंदर बनाने के लिए कारीगर विशेष ध्यान देते हैं। हर प्रतिमा को आकर्षक रूप देने के लिए पारंपरिक हुनर और अनुभव का इस्तेमाल किया जाता है।

पारंपरिक कला को सहेज रहे कुम्हार-आधुनिक दौर में भी मिट्टी की प्रतिमाओं का अपना अलग महत्व है। कुम्हार अपनी पारंपरिक कला और पीढ़ियों से चले आ रहे हुनर को सहेजते हुए दीपावली के लिए प्रतिमाएं तैयार कर रहे हैं। मिट्टी से बनी इन प्रतिमाओं में उनकी मेहनत, कलात्मकता और अनुभव की झलक दिखाई देती है। दीपावली के अवसर पर इन प्रतिमाओं के माध्यम से जहां लोगों की धार्मिक आस्था जुड़ी रहती है।

हाथों से तैयार मां वैष्णो देवी की प्रतिमा बनाए पहाड़ पर की स्थापित

हरिभूमि न्यूज ⏭ दीवानगंज

नवरात्रि पर्व भले संपन्न हो गया है, लेकिन क्षेत्र में माता रानी के प्रति श्रद्धालुओं की आस्था अब भी देखने को मिल रही है। सांची विकासखंड के ग्राम दीवानगंज में पुराने गुरुद्वारा मंदिर परिसर में हाथों से तैयार किए गए पहाड़ पर विराजमान मां वैष्णो देवी की भव्य प्रतिमा श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। भक्तजन माता रानी के दर्शन करने पहुंच रहे हैं और पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त कर रहे हैं।



गांव के अंशु नायक और कृष्णा नायक ने कई दिनों की मेहनत और लगन से अपने हाथों से मां वैष्णो देवी की भव्य प्रतिमा तैयार की थी। प्रतिमा तैयार होने के बाद उसे एक ऑटो में विराजित कर पूरे गांव के प्रमुख मार्गों से भ्रमण कराया गया। इस दौरान जगह-जगह श्रद्धालुओं ने माता रानी के दर्शन किए और आशीर्वाद प्राप्त किया।

वैशाली की पुस्तक 'अनकही अनसुनी जिंदगी की गूंज' के विमोचन के पहले किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

श्री कायस्थ महासभा ने भगवान चित्रगुप्त राधा-कृष्ण मंदिर में वैशाली सक्सेना पिता विजय सक्सेना, निवासी मालीपुर रायसेन द्वारा लिखित पुस्तक अनकही अनसुनी जिंदगी की गूंज के उपलक्ष्य में विशेष धार्मिक एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर वैशाली सक्सेना ने अपनी पुस्तक भगवान चित्रगुप्त जी के श्रीचरणों में समर्पित कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। उनकी इस साहित्यिक उपलब्धि एवं पुस्तक के आगामी विमोचन के उपलक्ष्य में मंदिर परिसर में विधि-विधान के साथ भगवान चित्रगुप्त जी की महाआरती कराई। वैशाली की पुस्तक अनकही अनसुनी जिंदगी की गूंज का विमोचन 27 अक्टूबर को भोपाल में होना प्रस्तावित है। महाआरती के पश्चात श्री कायस्थ महासभा रायसेन के अध्यक्ष सूर्यप्रकाश सक्सेना एवं उपस्थित चित्रांश परिवारों की उपस्थिति में वैशाली सक्सेना का सम्मान कर उन्हें शुभकामनाएं दी गईं। समाजजनों ने उनकी साहित्यिक प्रतिभा की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

1 से 8 नवंबर तक कांग्रेस चलाएगी 'वोट बचाओ, लोकतंत्र बचाओ' अभियान, बाला साहेब थोरात ने बनाई रणनीति

गांवों और ब्लॉक स्तर पर बैठकें व पदयात्रा, युवा संवाद और प्रबुद्धजन गोष्ठियां होंगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

वोटर लिस्ट में कथित गड़बड़ियों और लोकतांत्रिक संस्थाओं की भूमिका को लेकर कांग्रेस अब सड़क पर उतरने की तैयारी में है। रविवार को सांची रोड स्थित होटल में जिला कांग्रेस कमेटी की समीक्षा बैठक और प्रेस वार्ता में 1 से 8 नवंबर तक चलने वाले वोट बचाओ, लोकतंत्र बचाओ अभियान की रूपरेखा तैयार की गई। भोपाल संभाग के संगठन प्रभारी बाला साहेब थोरात की मौजूदगी में नेताओं ने गांव से लेकर ब्लॉक स्तर तक अभियान पहुंचाने और कार्यकर्ताओं को सक्रिय करने पर जोर दिया। भोपाल संभाग संगठन प्रभारी बाला साहेब थोरात ने कहा कि कांग्रेस 1 नवंबर से पदयात्रा के जरिए अभियान की शुरुआत करेगी। 8 नवंबर तक अलग-अलग कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इनमें पदयात्रा, प्रबुद्धजन गोष्ठी, युवा संवाद और विद्यार्थियों के बीच प्रतियोगिताएं शामिल हैं। कांग्रेस नेताओं के मुताबिक, इन कार्यक्रमों के माध्यम से चुनाव आयोग की भूमिका, वोटर लिस्ट से जुड़े मुद्दों और लोकतांत्रिक संस्थाओं को लेकर पार्टी का पक्ष आमजन तक पहुंचाया जाएगा।



गांव और ब्लॉक स्तर पर होंगी बैठकें

बैठक में तय किया गया कि अभियान को केवल जिला मुख्यालय तक सीमित नहीं रखा जाएगा। ग्राम और ब्लॉक स्तर पर बैठकें कर कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों को जिम्मेदारियां सौंपी जाएंगी। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि अभियान के दौरान आम लोगों से संपर्क कर मतदाता सूची से जुड़े मुद्दे उठाए जाएंगे। इसके साथ ही विरोध प्रदर्शन और पैदल मार्च भी आयोजित किए जाएंगे।

भाजपा पर लगाए आरोप-प्रेस वार्ता में कांग्रेस नेताओं ने भाजपा और सत्ता पक्ष पर चुनावी प्रक्रिया तथा संवैधानिक संस्थाओं को लेकर सवाल उठाए। कांग्रेस पार्टी के नेताओं का कहना है कि मतदाता सूची में कथित गड़बड़ियों के मुद्दे पर जनता के बीच जागरूकता बढ़ाना जरूरी है। कांग्रेस ने इसी मुद्दे को लेकर प्रदेशभर में अभियान चलाने की बात कही। हालांकि, प्रेस वार्ता में लगाए गए आरोप कांग्रेस का पक्ष हैं। बैठक में जिला कांग्रेस अध्यक्ष एवं विधायक देवेंद्र पटेल, जिला संगठन प्रभारी शैलेंद्र पटेल, पूर्व शिक्षा मंत्री राजकुमार पटेल, पूर्व विधायक देवेंद्र पटेल (गड़रवास) युद्धवीर सिंह पटेल, कवीन्द्र रघुवंशी, पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष मुमताज खान, डॉ. जीसी गौतम, हकीम उद्दीन मंसूरी, राजेंद्र सिंह तोमर, युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष हर्षवर्धन सिंह सोलंकी, मनोज अग्रवाल, परेश परिहार, राजू मेहरा, चंदा चौहान, विनोद इरपाचे, संदीप विश्वकर्मा और जावेद अहमद सहित अन्य नेता व कार्यकर्ता मौजूद रहे।